# शहीद संजय सिंह महिला महाविद्यालय, भभुआ (कैमूर)

वीर कँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से सम्बद्ध,
(बिहार सरकार द्वारा स्थायी मान्यता प्राप्त एवं यू0जी0सी0 नई दिल्ली द्वारा 2f में पंजीकृत )
E-mail:- principalsssmcbhabhua@gmail.com

पत्रांक................................ दिनांक...........................

सूचना संख्या – 76/26

## अति आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं, सम्मानित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दिनांक 28.09.2026 को पूर्वा0 10:30 बजे कार्यपालक पदाधिकारी , नगर परिषद भभुआ के पत्रांक 611/स्था0 दिनांक 18.09.2026 के आलोक में सूचित किया जाता है कि आयोजित हाने वाली मुख्य प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां में उपस्थति आपेक्षित है –

| गतिविधि/प्रतियोगिता | विषय/विवरण |
|---|---|
| स्वच्छता संवाद | परिसर स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं र्प्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष परिचर्चा एवं जागरूकता |
| पेटिंग प्रतियोगिता | ''स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत'' |
| वेस्ट टू आर्ट (कचरा से कलाकृति) | अनुपयोगी एवं अपशिष्ट सामग्रियों का सदुपयोग कर रचनात्मक एवं उपयोगी मॉडल तैयार करना। |

**पुरस्कार एवं सम्मान :** उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 02 अक्टूबर 2026 ('स्वच्छ भारत दिवस') के अवसर पर नगर परिषद कार्यालय सभागार, भभुआ में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

**आवश्यक दिशा–निर्देश एवं दायित्व**

- छात्राओं के लिए : इच्छुक छात्राएं पेटिंग, वेस्ट टू आर्ट अथवा स्वच्छता संवाद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अपना नाम दिनांक 26.09.2026 तक डॉ0 पंकज कुमार सिंह, व्याख्याता वाणिज्य विभाग, के पास अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं।
- सम्मानित शिक्षक वर्ग के लिए : सभी शिक्षक गण कक्षाओं में छात्राओं को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराएं तथा प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारी, मल्यांकन व अनुशासन व्यवस्था में मार्गदर्शन सुनिश्चित करें।
- शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए : महाविद्यालय परिसर की समग्र साफ–सफाई, प्रतियोगिता स्थल की व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित करें।

प्र0प्राचार्य
शहीद संजय सिंह
महिला महाविद्यालय, भभुआ

प्रतिलिपिः

1. महाविद्यालय सूचना पट्ट
2. संबंधित प्रभारी/समिति सदस्य
3. कार्यालय अभिलेख हेतु